विक्रमादित्य का मंचन कल से होगा

अब वाराणसी की गलियों में प्रतिध्वनित होगी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा : मुख्यमंत्री

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 अप्रैल . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय काल-गणना के प्रणेता और न्यायप्रियता के प्रतीक चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य की गाथा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी की गलियों में प्रतिध्वनित होगी.

धर्म और संस्कृति की नगरी वाराणसी के बी.एल.डब्ल्यू. मैदान में आगामी 3 से 5 अप्रैल तक भारत के स्वाभिमान और विकास की गाथा का भव्य उत्सव मनाया जाएगा. मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस त्रि-दिवसीय कार्यक्रम में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का ऐतिहासिक मंचन किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में यह आयोजन भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों को जीवंत करेगा.

इस गरिमामय समारोह का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय संस्कृत व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में होगा. इस वृहद आयोजन का उद्देश्य देश के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत् की वैज्ञानिकता और उस युग के अनुपम योगदान से जन-मानस को परिचित कराना है.

बाबा विश्वनाथ को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी करेंगे अर्पित

प्राचीन भारतीय कालगणना के ऐतिहासिक केंद्र उज्जैन में पिछले वर्ष विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की सफल स्थापना के बाद, अब इसे देश के अन्य ज्योतिर्लिंगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. भारतीय काल गणना की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने के इस प्रयास अन्तर्गत वाराणसी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ को यह वैदिक घड़ी समर्पित की जा रही है.

भ्रष्टाचार के आरोप में आरक्षक पर मामला दर्ज

होटल में डेढ़ माह तक बिना किराया चुकाए ठहरा

विशेष संवाददाता

भोपाल, 1 अप्रैल. ग्वालियर स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक के खिलाफ पुलिस मुख्यालय, भोपाल के सतर्कता थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रकरण दर्ज करने से पूर्व की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित पुलिसकर्मी ने वर्ष 2024 में इंदौर जिले में प्रतिनियुक्ति के दौरान अपने पद का दुरुपयोग किया. आरोप है कि वह करीब डेढ़ माह तक एक होटल में बिना किराया चुकाए ठहरा रहा, जिससे उसे लगभग 1.5 लाख रुपये का अनुचित लाभ हुआ. जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी ने होटल प्रबंधन को किराया मांगने से रोकने के लिए अपने वास्तविक पद से उच्च अधिकारी की वर्दी धारण की थी. मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच जारी है. उल्लेखनीय है कि उक्त पुलिसकर्मी के खिलाफ ग्वालियर जिले में वर्ष 2021 से एक अन्य मामला भी लंबित है.

प्लाटून कमांडर की चयन प्रकिया निरस्त

जबलपुर . मप्र हाईकोर्ट ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर की चयन प्रक्रिया को दूषित पाते हुए उसे निरस्त कर दिया . जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने नए सिरे से चयन प्रक्रिया के लिए दोबारा विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए . आरोप था कि लिखित व शारीरिक परीक्षा के पहले ही नियम विरुद्ध तरीके से स्क्रीनिंग कमेटी ने अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था . जबलपुर निवासी सविनय कुमार गर्ग की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा .

संचालनालय खेल और युवा कल्याण
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)

ई-निविदा सूचना

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा **"स्पोर्ट्स मेडिसिन सेंटरों हेतु फिजियोथैरेपी उपकरण प्रदाय/स्थापना कार्य हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/125164/2026 **संचालक**

दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिले मुख्यमंत्री

प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर की चर्चा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की.

सीएम ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की .

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की. उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन , केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से भी मुलाकात की. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल के साथ महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पहले मध्यप्रदेश के सांसदों से विकास के विभिन्न मुद्दों पर वन-टू-वन चर्चा की. प्रदेश के विभिन्न अंचलों में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में संसद सदस्यों के साथ मप्र भवन में हुई बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया.

मेंटेनेंस कार्यों का निरीक्षण नियमित रूप से करें

समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री तोमर ने दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 अप्रैल. मानसून पूर्व वितरण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों का निरीक्षण एसई और सीई नियमित रूप से करें.

बेहतर मेंटेनेंस होने पर ट्रिपिंग की समस्या दूर होगी. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश बुधवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग से विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये. उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के दौरान गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करें. सामग्री के उपयोग से पहले उसका लैब में परीक्षण भी होना चाहिए. मंत्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है. सभी बड़े एवं छोटे बकायदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर योजनांतर्गत वसूली की कार्यवाही करें. उन्होंने कहा कि पहले बड़े बकायदारों से वसूली की कार्यवाही करें. वसूली की कार्यवाही अप्रैल से ही प्रारंभ कर दें. इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करें. गलत बिजली बिलों में सुधार तुरंत होना चाहिए. जहां पर स्टाफ की ज्यादा कमी है.

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल, जोन क्र . 04 (यांत्रिक विभाग)

निविदा आमंत्रण घोषणा–पत्र

क्र . 100/यां .वि ./2025 भोपाल दिनांक 31-3-2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म .प्र . लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं .

क्र .	निविदा क्र .	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
1	2026_UAD _496043_1	Construction of CC Road from Star Kirana to Azeem Bhai House Vafna Colony, Ward 16, Zone 04	4.07	15-Apr-2026	5:30 PM
2 .	2026_UAD _488627_2	Construction of CC Road from Rameshwar Mandir to Ashok Jain House and Drain from Ravi Bhai House to Ashok Jain House at Shanti Nagar, Ward 17, Zone 04	7.77	07-Apr-2026	5:30 PM
3.	2026_UAD _487802_2	Construction of CC Near Jaipal House at Shiv Shakti Nagar, Chhola Road, Ward 18, Zone 04	3.42	07-Apr-2026	5:30 PM
4.	2026_UAD _483548_2	Construction of Bitumen Road from Kotwali Road to JK Plaza in front of Bombay Dairy at Atta Suja Kha Gali No.01, Ward 20, Zone 04	6.59	07-Apr-2026	5:30 PM
5.	2026_UAD _461188_4	Construction of Nalah Near Golden Shadi Hall at Paiga Parking, Ward 20, Zone 04	7.20	07-Apr-2026	5:30 PM

नियम व शर्तें :-
1 . निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं .
2 . किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा .

नि.क्र . 07/026/027 सहायक यंत्री (सिविल) जोन क्र . 04, नगर निगम, भोपाल

एम्स में बायोइन्फॉर्मेटिक्स प्रिसिजन मेडिसिन पर व्याख्यान

180 से अधिक प्रतिभागियों ने किया कार्यक्रम में भाग

भोपाल, 1 अप्रैल. एम्स भोपाल के फार्माकोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा विगत दिवस 'प्रिसिजन मेडिसिन इन प्रैक्टिस' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर, कार्यपालक निदेशक एम्स भोपाल के संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने आधुनिक चिकित्सा में प्रिसिजन मेडिसिन के महत्व को रेखांकित किया. आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की.

इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. सुखेस मुखर्जी ने अकादमिक चर्चा की शुरुआत की. कार्यक्रम में नीदरलैंड्स के एरास्मस मेडिकल सेंटर से प्रो. (डॉ.) पीटर जे. वान डेर स्पेक ने बायोइन्फॉर्मेटिक्स और प्रिसिजन मेडिसिन पर व्याख्यान दिया. अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय वक्ताओं में प्रो. (डॉ.) हरिशंकर शर्मा (इरास्मस एमसी, नीदरलैंड्स), प्रो. विनीत कुमार शर्मा (आईआईएसईआर भोपाल), डॉ. चक्रधर राव यू. (जिपमर पुडुचेरी), प्रो. (डॉ.) अभिजीत आर. रोज़ातकर और डॉ. शुभम अटल (एम्स भोपाल) शामिल रहे.

इन विशेषज्ञों ने जीनोमिक्स, हृदय रोग, कैंसर, मनोरोग और फार्माकोजीनोमिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए, साथ ही युक्ति गंभीर (थर्मो फिशर साइंटिफिक, इंडिया) द्वारा उद्योग जगत का दृष्टिकोण भी प्रस्तुत किया गया . कार्यक्रम में 180 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, इस दौरान 50 वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जो प्रिसिजन मेडिसिन के क्षेत्र में बढ़ती रुचि और शोध गतिविधियों को दर्शाते हैं .

समाजसेवी शंकरलाल राय का निधन

भोपाल. श्री सहस्त्रबाहु कलचुरि महासभा कलार समाज एवं अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय सलाहकार, समाजसेवी, एडवोकेट शंकरलाल राय का बुधवार को निधन हो गया. अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 9 बजे निज निवास हर्षवर्धन नगर से से भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी. मराठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर समिति भोपाल ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है.

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(अधीक्षण शाखा)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (म .प्र .)-462004

क्रमांक एफ 2/2/14/0007/2025/12-1/840 भोपाल, दिनांक 31/3/2026

चतुर्थ निविदा

अधिकारी कक्षों की नेम प्लेट लिखे जाने संबंधी कार्य हेतु बंद लिफाफा पद्धति में निविदा ो जाती हैं . संलग्न निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तों की पूर्ति करते हुए निविदा प्रपत्र एक एवं पंक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1.	निवि	दिनांक 1/4/2026 दोपहर 12 बजे से
2.	निवि	दिनांक 21/4/2026 दोपहर 12 बजे तक
3.	निधि खोल	1 . टेक्नीकल बिड- दिनांक 23/4/2026 को दोपहर 12 बजे 2 . फायनेंशियल बिड- दिनांक 23/4/2026 को दोपहर 12 .30 बजे
4.	प्राप	मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 01 स्थित कक्ष क्रमांक- 116 (समिति कक्ष)
5.	निविदाआ का खालत समय नावदाकारा की उपस्थिति प्रार्थनीय है	मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक- 01 स्थित कक्ष क्रमांक 116 (समिति कक्ष)

म .प्र . मंत्राल निर्धारित प्रप दो पृथक-पृ

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
म .प्र . शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

G11001/26

देसाई पब्लिसिटी 22 वर्षों से मीडिया जगत में भरोसे का पर्याय

भोपाल, 1 अप्रैल. आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में किसी भी व्यवसाय की सफलता के लिए प्रभावी विज्ञापन और सही रणनीति अत्यंत आवश्यक हो गई है. ऐसे समय में भोपाल की देसाई पब्लिसिटी ने पिछले लगातार 22 वर्षों से विज्ञापन और मीडिया सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूत और विश्वसनीय पहचान बनाई है.

ओल्ड सुभाष नगर में स्थित यह एजेंसी लंबे समय से स्थानीय व्यापारियों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों और विभिन्न संगठनों को समर्पित रूप से सेवाएं प्रदान कर रही है. अपने अनुभव, नवाचार और ग्राहकों की जरूरतों को समझने की क्षमता के कारण देसाई पब्लिसिटी यह एजेंसी एक ही छत के नीचे विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन की सुविधा उपलब्ध कराती है. इनमें प्रमुख हैं:

आकाशवाणी (विविध भारती) पर रेडियो विज्ञापन टीवी चैनलों पर कमर्शियल विज्ञापन समाचार पत्रों में विज्ञापन और पब्लिक रिलेशन, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग आउटडोर विज्ञापन (होर्डिंग्स, बैनर आदि) विशेष रूप से आकाशवाणी पर जिंगल और इन-हाउस स्पॉन्सर प्रोग्राम के माध्यम से कई व्यवसायों को पहचान दिलाई है.एजेंसी के संचालक संजय देसाई के अनुसार, 'हमारा उद्देश्य केवल विज्ञापन देना नहीं, बल्कि ग्राहकों के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सही रणनीति तैयार करना है.

वरिष्ठ पत्रकार राजेश चौहान का निधन

भोपाल. राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार राजेश चौहान का बुधवार को निधन हो गया. वे 65 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे. चौहान ने दैनिक नईदुनिया, जागरण सहित कई महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में अपनी सेवायें दीं. अस्वस्थता के चलते उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली. चौहान वरिष्ठ पत्रकार धनंजय प्रताप सिंह के मामा ससुर थे. भदभदा विश्राम घाट में बुधवार को राजेश चौहान का अंतिम संस्कार किया गया.इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

अधूरे निर्माण कार्य पूरे करें : सीईओ

बैरसिया, 1 अप्रैल. ग्राम पंचायतों में अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर जनपद पंचायत के सीईओ देवेश सराठे सख्त नजर आ रहे हैं. बुधवार को उन्होंने पंचायत सचिवों, उपयंत्रियों व रोजगार सहायकों को हिदायत दी है कि वे अपनी अधीनस्थ ग्राम पंचायत में अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं.

बता दें कि बैरसिया जनपद अंतर्गत 126 ग्राम पंचायत हैं. इनमे कई पंचायतें ऐसी हैं जिनमें निर्माण कार्य से अधिक राशि नियम विरुद्ध आहरित हो चुकी है और निर्माण कार्य आज भी अधूरे हैं. ऐसी पंचायतों को सीईओ ने पहले उपयंत्रियों से चिन्हित कराया और उन्हें अधूरे निर्माण कार्य पूरे कराने की सख्त हिदायत दी. जनपद सीईओ सराठे का कहना है कि ग्राम पंचायतों के विकास हेतु दी गई विभिन्न योजनाओं की राशि का समय पर सदुपयोग किया जाए. उन्होंने कहा कि गांव में पक्की सड़क , नाली, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित पीएम आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं से ग्रामीण लाभांभित हो.

कार्यालय तहसीलदार ब्यावरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़

क्रमांक/3195/रीडर/2026 ब्यावरा, दिनांक : 13.03.2026
रा.प्र.क्र.- /अ-20(3)/2025-26

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी भोपाल के द्वारा पत्र क्रमांक 126 दिनांक 07.01.2026 से ग्राम जगन्यापुरा तहसील ब्यावरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 12/3 रकबा 2.440 हैक्ट., सर्वे नं. 146/24 रकबा 24.584 हैक्ट., सर्वे नं. 184/9 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/11 रकबा 0.051 हैक्ट., सर्वे नं. 125 रकबा 1.505 हैक्ट., सर्वे नं. 146/31 रकबा 1.000 हैक्ट. सर्वे नं. 184/11 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/12 रकबा 0.190 हैक्ट., सर्वे नं. 137/2 रकबा 0.013 हैक्ट., सर्वे नं. 148 रकबा 0.329 हैक्ट., सर्वे नं. 184/12 रकबा 0.051 हैक्ट., सर्वे नं. 211/13 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 410/2 रकबा 0.018 हैक्ट., सर्वे नं. 162/1 रकबा 2.149 हैक्ट., सर्वे नं. 184/14 रकबा 8.122 हैक्ट., सर्वे नं. 211/14 रकबा 0.253 हैक्ट., सर्वे नं. 11/18 रकबा 0.506 हैक्ट., सर्वे नं. 140/5 रकबा 5.666 हैक्ट., सर्वे नं. 162/3 रकबा 0.443 हैक्ट., सर्वे नं. 210 रकबा 0.759 हैक्ट., सर्वे नं. 211/21/1 रकबा 18.704 हैक्ट., सर्वे नं. 62/2 रकबा 0.126 हैक्ट., सर्वे नं. 142/3 रकबा 1.708 हैक्ट., सर्वे नं. 163/2 रकबा 4.123 हैक्ट., सर्वे नं. 211/6 रकबा 0.126 हैक्ट., सर्वे नं. 211/25 रकबा 104/4 रकबा 0.013 हैक्ट., सर्वे नं. 146/13 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 163/5 रकबा 0.379 हैक्ट., सर्वे नं. 211/9 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/33 रकबा सर्वे नं. 1.000 हैक्ट., 108/4 रकबा 0.063 हैक्ट., 146/23 रकबा 4.000 हैक्ट., 164/1 रकबा 0.076 हैक्ट., 211/10 रकबा 0.190 हैक्ट., सर्वे नं. 213 रकबा 1.746 हैक्ट., भूमि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग भोपाल को औद्योगिक विभाग की गतिविधियों के संचालन हेतु चयनित की गई है :-

क्र.	ग्राम का नाम	प.ह.नं.	सर्वे नंबर	रकबा (हैक्टर)	प्रयोजन
1	2	3	4	5	6
1	जगन्यापुरा	कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी भोपाल के द्वारा पत्र क्रमांक 126 दिनांक 07.01.2026 से ग्राम जगन्यापुरा तहसील ब्यावरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 12/3 रकबा 2.440 हैक्ट., सर्वे नं. 146/24 रकबा 24.584 हैक्ट., सर्वे नं. 184/9 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/11 रकबा 0.051 हैक्ट., सर्वे नं. 125 रकबा 1.505 हैक्ट., सर्वे नं. 146/31 रकबा 1.000 हैक्ट. सर्वे नं. 184/11 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/12 रकबा 0.190 हैक्ट., सर्वे नं. 137/2 रकबा 0.013 हैक्ट., सर्वे नं. 148 रकबा 0.329 हैक्ट., सर्वे नं. 184/12 रकबा 0.051 हैक्ट., सर्वे नं. 211/13 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 410/2 रकबा 0.018 हैक्ट., सर्वे नं. 162/1 रकबा 2.149 हैक्ट., सर्वे नं. 184/14 रकबा 8.122 हैक्ट., सर्वे नं. 211/14 रकबा 0.253 हैक्ट., सर्वे नं. 11/18 रकबा 0.506 हैक्ट., सर्वे नं. 140/5 रकबा 5.666 हैक्ट., सर्वे नं. 162/3 रकबा 0.443 हैक्ट., सर्वे नं. 210 रकबा 0.759 हैक्ट., सर्वे नं. 211/21/1 रकबा 18.704 हैक्ट., सर्वे नं. 62/2 रकबा 0.126 हैक्ट., सर्वे नं. 142/3 रकबा 1.708 हैक्ट., सर्वे नं. 163/2 रकबा 4.123 हैक्ट., सर्वे नं. 211/6 रकबा 0.126 हैक्ट., सर्वे नं. 211/25 रकबा 104/4 रकबा 0.013 हैक्ट., सर्वे नं. 146/13 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 163/5 रकबा 0.379 हैक्ट., सर्वे नं. 211/9 रकबा 0.063 हैक्ट., सर्वे नं. 211/33 रकबा सर्वे नं. 1.000 हैक्ट., 108/4 रकबा 0.063 हैक्ट., 146/23 रकबा 4.000 हैक्ट., 164/1 रकबा 0.076 हैक्ट., 211/10 रकबा 0.190 हैक्ट., सर्वे नं. 213 रकबा 1.746 हैक्ट.,	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग भवन का निर्माण हेतु भूमि की मांग

उपरोक्तानुसार भूमि आवंटन के संबंध में जिस किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति उद्घोषणा **07 दिवस के भीतर** तहसील कार्यालय ब्यावरा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उद्घोषणा का प्रकाशन दो दैनिक अखबारों में करावें। बाद अवधि के आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता./-
तहसीलदार
म.प्र. माध्यम/125154/2026 तहसील ब्यावरा, परगना ब्यावरा

समारोह | छात्राओं को तिलक लगाकर की गई पुष्प वर्षा, पुस्तकें भी कीं वितरित

पीएमश्री गर्ल्स स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

बैरसिया,1 अप्रैल. पीएमश्री शासकीय सरोजनी नायडू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरसिया में बुधवार को नवीन सत्र का प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया.

वरिष्ठ शिक्षक दिनेश शुक्ला के मुताबिक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिह राठौड थीं. अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष शर्मा ने की. विशिष्ट अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, प्राचार्य गीता जोशी , आरसी गोयल, लालाराम साहू मंचासीन थे.कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित ओर माल्यार्पण कर छात्राओं को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर किया गया. छात्रों को साइकिल एवं पुस्तकें भी वितरित की गईं. मुख्य अतिथि तनुश्री राठौड़ ने छात्राओं को नये शैक्षणिक सत्र की शुभकामना देते हुए कहा कि बेटियां भविष्य हैं. बेटियों को पढ़ाओ. आगे बेपरिवार व देश का नाम रोशन करेंगी. एसडीएम आशुतोष शर्मा, दीपक दुबे एवं राजमल कुशवाहा ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं.

एमपी स्टेट बार की नामांकन राशि वापस नहीं की जाएगी

जबलपुर. एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश अनुरूप प्रत्येक प्रत्याशी के लिए नामांकन शुल्क एक लाख पच्चीस हजार रुपए व दिव्यांग प्रत्याशियों के लिए नामांकन शुल्क पांच हजार रुपए निर्धारित किया गया है. उक्त राशि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगी. यह जानकारी चुनाव अधिकारी जस्टिस एसके पालो ने दी. उन्होंने बताया कि 25 सदस्यों वाली इस संस्था में 30 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए निर्धारित है.